

# जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

▶ वझर में निर्माणाधीन पानी की टंकी का विधायक ने किया निरीक्षण

**निवाली, ( नवभारत )।** पानसेमल विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्याम बरडे ने बुधवार को जनपद पंचायत निवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत वझर पहुंचकर जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी एवं संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान घटिया किस्म की बालू रेत एवं हल्की चुरी वाली गिट्टी पाई गई। निर्माण स्थल पर न तो कोई जवाबदेह अधिकारी उपस्थित मिला और न ही निर्माण एजेंसी का कोई प्रतिनिधि मौजूद था। साथ ही निर्माण कार्य में आवश्यक तराई (क्योरिंग) की व्यवस्था भी नाम मात्र की पाई गई। इस पर विधायक बरडे ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये की जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन कुछ अधिकारियों एवं एजेंसियों की लापरवाही के कारण विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

विधायक बरडे ने वरिष्ठ अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए। निर्माण में उच्च गुणवत्ता की रेत, गिट्टी, सीमेंट एवं अन्य सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित रूप से उचित तराई की व्यवस्था की जाए, जिससे निर्माण मजबूत, टिकाऊ एवं दीर्घकालिक हो सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित होने वाली यह पानी की टंकी क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण परिवारों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। योजना अंतर्गत कुल 65 एमवीएस पेयजल टंकियों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनसे 67 एमवीएस ग्राम एवं 49 बल्क ग्राम लाभांवित होंगे, फुलजवारी क्षेत्र से जुड़े ग्रामों को भी इस परियोजना का लाभ मिलेगा। इस दौरान चतरसिंह पटेल, संतोष जानी, प्रकाश जोशी, भगवान व अन्य उपस्थित थे।

### योजनांतर्गत कुल 261 ग्राम होंगे लाभांवित

सेगवाल–2 समूह ग्राम जल प्रदाय योजना क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना है, जिसके माध्यम से अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी है। योजना के अंतर्गत कुल 261 ग्राम लाभांवित होंगे, जिनमें 141 एमवीएस (एवीएस) ग्राम एवं 120 बल्क ग्राम शामिल हैं। परियोजना के तहत एमबीआर–2 (2450 केएल क्षमता, 22 मीटर ऊंचाई) का निर्माण कार्य प्रगतिरत है।

## 5 जून को होगी पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक

**बड़वानी।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 5 जून को सुबह 11.30 बजे सुखविलास स्थित पेंशनर भवन में होगी। एसोसिएशन अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने बताय कि बैठक में भवन निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी पेंशनर्स ने अनुरोध किया है कि बैठक में अधिक से संख्या में शामिल होकर बैठक का सफल बनाए।

# गर्मी का प्रकोप, मरीजों की संख्या बढ़ी

**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिले में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के चलते मरीजों का आंकड़ा सामने आया है। जिसके तहत पता चला है कि जिले में इन दिनों बुखार, एलर्जी, पेट दर्द का प्रकोप बढ़ा है। गर्मी में सर्दी, जुखाम हो रहा है, यानी एलर्जी के मरीज बढ़े हैं।

हमारी टीम की पड़ताल में सामने आया है कि बढ़ती गर्मी के बीच महीनेभर में जिले के सभी अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र में 30 हजार ओआरएस के पैकेट मरीज पी गए, साथ ही 90 हजार पैरासीटामॉल गोली खा गए। वहीं 2.20 लाख से अधिक रेनेटिडिन और एलर्जी मोंटीलुकास 3500 सिट्राजिन 1.10 लाख दवाइयों की वितरण और खपत हो गई। यह खपत सभी सीएचसीए पीएचसी की है जिला अस्पताल की खपत अलग है। जिले के सीएचसी और पीएचसी सेंटरों पर बुखार भी ठीक नहीं हो पा रहे हैं। उन मरीजों को भी जिला अस्पताल रैफर कर दिया जाता है, जिससे अतिरिक्त लोड बढ़ रहा है। जिले में एंटीबॉयोटिक की डिमांड भी बढ़ी है। गर्मी के मौसम में डायरिया और उल्टी के चलते मेट्रोनिडाजोल नॉरफूलॉक्सिन और ओआरएस की खपत बढ़ने के साथ ही एंटीबॉयोटिक की डिमांड भी बढ़ी है। हर माह 1.40 लाख एंटीबायोटिकए 2.20 लाख रेनेटिडिन खा रहे मरीज।

स्टोर कीपर से सप्लाई की जानकारी के अनुसार शासन स्तर पर मिलने वाली इन दवाइयों में जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में करीब 2 करोड़ रुपए की दवाइयां बंट जाती है। ओआरएस ग्लूकोज से लेकर एमोक्सीसीलिन टेबले, सेफ्टाइक्जोन इंजेक्शन, नॉर्मल सलाइन, महंगे हेपेटाइटिस बी के इमनोग्लोबिन, रैबीज के विशेष इंजेक्शन सहित हीमोफिलिया वाले इंजेक्शन इंदौर डिपो से आवश्यक होने पर मांग अनुसार यहां मिलते हैं। सभी को मिलाकर दवाइयों का बजट 2 करोड़ के पार पहुंच जाता है।



जिला अस्पताल सहित सिविल अस्पताल एवं सीएचसी पीएचसी सेंटर की सरकारी दवाइयों में महंगे हेपेटाइस इंजेक्शन के साथ ही इंसुलिनए सामान्य रैबीज 350 रुपए कीमत से लेकर गंभीर मात्रा में काटे हुए केस में इमनोग्लोबिन 1000 रूपए कीमत का रैबीज भी नि:शुल्क मिलता है। इसके अलावा 5 से 6 हजार रुपए कीमत का इंजेक्शन जो हीमोफिलिया बीमारी के लिए होता है। इसे रॉयल डिसिस कहा जाता है। यानी खून का थक्का नहीं जमने पर हीमोफिलिया होता है, इसमें फैक्टर की कमी हो जाती है, तो यह महंगा इंजेक्शन दिया जाता है। जिसमें हीमोफिलिया के मरीज कुछ ब्लॉक में हैं, दूसरे जिले धार के कुक्षी, मनावर से भी यहां मरीज पहुंचते हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल में कैंसर मरीजों के लिए कीमोथैरेपी की दवाइयां जो काफ‍ महंगी है, नि:शुल्क दी जाती हैं।

जिले में गर्मी से डायरिया, पेट दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसी कारण स्थिति यह है कि दवाइयों की खपत बढ़ी है। अधिकतर सेंटर से रैफर केसेस जिला अस्पताल आते हैं। आम तौर पर यहां बुखार, लू की चपेट वाले मरीज ही अधिक हैं। जिस कारण पेरासिटामॉल ओआरएस और एंटीबॉयोटिक की मांग में बढ़ोतरी हुई है।

**डॉ मनोज खन्ना, सिविल सर्जन, बड़वानी**

### दवाइयों की खपत पर नज़र

ओआरएस 30 हजार, पैरासिटामॉल 90 हजार, एंटीबायोटिक सेफ्ट्रिकजोन इंजेक्शन 3500, एमोक्सिसिलिन 250 एमजी में 40 हजार, एमोक्सिसिलिन 500 एमजी 20 .5 हजार, सिफिक्जिम 8 हजार, सिप्रोफ्लॉक्सिन 250 एमजी 72 हजार, सीफोडॉक्सीम 2 हजार। हीमोफिलिया इंजेक्शन फैक्टर–8 आवश्यकता अनुसार इंदौर डिपो से मांग पर उपलब्ध। कीमोथैरेपी की दवाइयां केवल जिला अस्पताल में वितरण। कुत्ते एवं जानवर के गंभीर काटने पर इमनोग्लोबिन 145, हेपेटाइटिस बी इमनोग्लोबिन 50, रैबीज इंजेक्शन 197। एसिडिटी के लिए रेबेप्राजॉल 1.01 लाख, रेनेटिडिन 2 .20 लाख। एलर्जी के लिए मोंटीलुकास 3 .50 हजार, सिट्राजिन 1 .30 लाख। उल्टी के लिए ओनडनसेटरन 37500। दस्त के लिए मेट्रोनिडाजोल 62 .50 हजार, नॉरफलॉक्सिन 40 .50 हजार।

## 30 तक आयोजित होगा लोक कल्याण मेला

**बड़वानी, ( नवभारत )।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 1 से 30 जून तक लोक कल्याण मेले का आयोजन नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। जिसमें शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे व्यवसायियों को पहली बार में 15000, दूसरी बार में 25000 एवं तीसरी बार में 50000 का ऋण बैंक से कराया जा रहा है। हितग्राही मूलक योजना श्रम योगी मानधन योजना में सीएससी से पेंशन योजना और डिजीटल बैंकिंग सेवाओं तथा पीएम स्वनिधि क्रेडिट कार्ड से भी जोड़ा जा रहा है।



योजना का उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं एवं छोटे व्यवसायी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें सरकारी योजनाओं और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना है। योजना का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड/समग्र आईडी, बैंक पासबुक, मोबाईल नंबर, यूपीआई आईडी व वोटर कार्ड आवश्यक है।

नगर पालिका परिषद के सीएमओ सोलानी शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान नगर के सभी पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है तथा योजना का लाभ लेने के लिए कार्यालय की डे-एनएलएम शाखा में सम्पर्क किया जा सकता है।

## शिकायत पर त्वरित एक्शन

▶ कलेक्टर के निर्देशन में प्रशासन ने की प्रभावी कार्रवाई

**बड़वानी, ( नवभारत )।** कलेक्टर जयति सिंह के निर्देशन में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं धरातलीय निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में 2 जून को जनसुनवाई में ग्राम सगोदा (तहसील अंजड़) निवासी कृषक नानुराम पिता गेंदालाल यादव द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मौके की जांच कर प्रभावी कार्रवाई की। शिकायतकर्ता ने खेत के मध्य से गुजरने वाली माइनर नहर की साफ–सफाई न होने, पानी के रिसाव से फसल प्रभावित होने तथा आवागमन के लिए पक्का रास्ता न होने की समस्या के लिए आवेदन दिया था।

कलेक्टर सिंह के त्वरित आदेश पर सहायक कलेक्टर माधव अग्रवाल, विभाग के मैदानी अधिकारियों व तकनीकी टीम ने बुधवार सुबह ही शिकायतकर्ता के खेत पर पहुंच फिल्ड विजिट किया। एनवीडीए विभाग ने माइनर नहर की साफ–सफाई का कार्य प्रगति पर पाया, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### एक नजर में

#### स्टार प्लस के सैराब का आगाज

**इंदौर.** स्टार प्लस का बहुप्रतीक्षित रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा सैराब ने मंगलवार की शाम दर्शकों के बीच दस्तक देने जा रहा है. शो को लेकर जिस तरह की चर्चा और उत्साह देखने को मिल रहा है, उससे यह तो स्पष्ट है कि दर्शक इसकी मुख्य जोड़ी से जुड़ाव महसूस करने लगे हैं. मदिराक्षी मुंडले और रोहित चंदेल अभिनीत सैराब अपने पुराने दौर की रोमांटिक खूबसूरती, सुकून भरे संगीत और शानदार विजुअल्स की वजह से इन दिनों खूब चर्चा बटोर रहा है. यह शो एक मशहूर पॉप स्टार और एक साधारण युवती की अनोखी प्रेम कहानी को दर्शाता है, जिसने वर्षों तक समाज द्वारा बनाए गए नियमों और अपेक्षाओं के बीच अपनी जिंदगी बिताई है. शो का प्रोमो रिलीज़ होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर दर्शकों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ सी आ गई है. दर्शक इसकी नई और ताज़गी भरी कहानी के साथ–साथ मुख्य कलाकारों की शानदार केमिस्ट्री की भी जमकर तारीफ कर रहे हैं. कई दर्शकों का मानना है कि सैराब उन्हें उन भावनात्मक और दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानियों की याद दिलाता है, जिनके लिए कभी स्टार प्लस जाना जाता था.

#### गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स का आयोजन

**इंदौर.** समाजसेवियों को सम्मान देने वाली पहल गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स अब सिर्फ एक सम्मान समारोह भर नहीं रह गई है, बल्कि समाज में बदलाव लाने वाले लोगों का एक खूबसूरत कारवाँ बनती जा रही है. इसी कड़ी में 2030 का भारत द्वारा आयोजित इस पहल के तहत एक विशेष वर्चुअल गेट–टुगेदर का आयोजन किया गया, जिसमें गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स के पहले और दूसरे संस्करण के सभी विजेता एक साथ जुड़े. 2030 का भारत के फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम ने कहा अक्सर समाज के लिए सबसे अच्छा काम वही लोग करते हैं, जिनके बारे में दुनिया बहुत कम जानती है. गोल्डन इम्पैक्ट अचीवर अवॉर्ड्स ऐसे ही लोगों को सामने लाने की एक कोशिश है. यह वर्चुअल गेट–टुगेदर सिर्फ एक–दूसरे से जुड़ने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उन लोगों को भी समाजसेवा की धारा से जोड़ने का एक मंच है, जो चाहते हैं कि वे भी अपनी दिनचर्या से बचने वाले समय को समाजसेवा करके विशेष बनाएँ, क्योंकि जब ऐसे लोग एक–दूसरे की कहानियाँ सुनते हैं, तो बदलाव की ताकत और बढ़ जाती है.

#### नॉर्मल हेल्थ रिपोर्ट्स का मतलब हमेशा नॉर्मल फर्टिलिटी नहीं होता

**इंदौर.** जब नियमित हेल्थ चेक–अप की रिपोर्ट्स सामान्य आती हैं, तो कई दंपति यह मान लेते हैं कि फर्टिलिटी से जुड़ी कोई समस्या नहीं होगी. ब्लड शुगर, थायरॉयड, हीमोग्लोबिन, विटामिन लेवल या बेसिक हार्मोन रिपोर्ट्स सामान्य होना अच्छी बात है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि फर्टिलिटी से जुड़े सभी पहलू भी सामान्य हैं. डॉ. पायल जैसवाल, फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, इंदौर का कहना है कि सामान्य हेल्थ चेक–अप और फर्टिलिटी मूल्यांकन एक जैसे नहीं होते. सामान्य जांचों का उद्देश्य शरीर की बुनियादी स्वास्थ्य स्थिति समझना होता है, जबकि फर्टिलिटी जांच में अंडाणुओं की संख्या और गुणवत्ता, ओव्यूलेशन, फैलोपियन ट्यूब्स, गर्भाशय की स्थिति और पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या, गति और गुणवत्ता जैसे पहलुओं का आकलन किया जाता है. कई बार देरी इसलिए होती है क्योंकि दंपति सभी रिपोर्ट्स नॉर्मल हैं कहकर कोशिश जारी रखते हैं, जबकि असल में फर्टिलिटी से जुड़ी जरूरी जांचें अभी हुई ही नहीं होतीं। यही कारण है कि सामान्य रिपोर्ट्स होने के बावजूद गर्भधारण में देरी बनी रह सकती है.

#### मीशो ने बीएसई के साथ प्रोजेक्ट शिखर शुरू किया

**इंदौर.** विनिमय करने वाले सालाना यूज़र्स और ऑर्डर के मामले में भारत के सबसे बड़े ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म, मीशो ने बीएसई के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट शिखर शुरू किया है. इसका उद्देश्य एमएसएमई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सार्वजनिक सूचीबद्ध संस्था बनने में मदद करना है, ताकि वो अपने विकास के लिए पूंजी प्राप्त कर सकें. इस साझेदारी को औपचारिक रूप देने के लिए मिस लोपामुद्रा राव, वाईस प्रेसिडेंड एवं जनरल काउंसेल, मीशो और सुंदरम राममूर्ति, एमडी एवं सीईओ, बीएसई की मौजूदगी में एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. यह जमीनी स्तर पर काम करने वाले डिजिटल व्यवसायों को संस्थागत पूंजी प्राप्त करने में समर्थ बनाने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है. सुंदरम राममूर्ति ने कहा बीएसई में हमने एसएमई प्लेटफॉर्म इसलिए शुरू किया है, ताकि भारत के सबसे डायनामिक और रोजगार देने वाले व्यवसायों को विकास के लिए पूंजी प्राप्त हो सके.

## मुख्य सचिव ने विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर की समीक्षा

**आलीराजपुर। मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों की सफल तैयारी एवं क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।**



मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 5 जून को आयोजित होने वाले 'एक पेड़ मां के नाम अभियान-3.0' के तहत स्वदेशी पौधों को प्राथमिकता से रोपित करने, अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने तथा अमृत मित्रों को अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि लगाए गए पौधों का संरक्षण एवं समुचित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्वच्छता एवं जल संरक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जल स्रोतों के गहरीकरण, उनके आसपास साफ–सफाई, प्लास्टिक उपयोग को हतोत्साहित करने तथा रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि जिले में 12 से 18 जून तक विशेष जनकल्याणकारी शिविर आयोजित कर पात्र हितग्राहियों एवं छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। बैठक में आयुष विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी कि 14 जून को देशव्यापी ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसके माध्यम से प्रतिभागी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के प्रयास का हिस्सा बनेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रतिभागियों को टोल फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल करना होगा, जिसके बाद उनके व्हाट्सएप पर कार्यक्रम से जुड़ने का लिंक प्राप्त होगा। यह योग सत्र प्रात: 6:15 बजे से 7:35 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सभी जिला कलेक्टरों को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर उन्हें इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि नागरिक स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए स्वत प्रेरित हों। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 एवं 20 जून को प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों के कम उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना है। इसके अलावा उन्होंने सीएम हेल्पलाइन एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर नीतू माथुर, जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, एडीएम सोहन कनास, संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, डिप्टी कलेक्टर तपीस पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

## श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, 30 जून तक कर सकेंगे आवेदन

**आलीराजपुर । श्रम पदाधिकारी जिला आलीराजपुर द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार संचालनालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संचालनालय द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार भोपाल स्थित श्रमोदय मॉडल आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन 26 मई 2026 से शुरू हो चुका है।**

संस्था में प्रवेश के इच्छुक एवं निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी 1 जून से 30 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी संचालनालय के पोर्टल 222.*dsd.mp.gov.in* पर उपलब्ध है।

श्रमोदय मॉडल आईटीआई भोपाल में इलेक्ट्रीशियन (20 सीट), टेक्नीशियन मेकाट्रोनिक्स (24 सीट), एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन (24 सीट), सिविल इंजीनियर असिस्टेंट (24 सीट), वेल्डर (20 सीट), आईओटी (स्मार्ट सिटी) (24 सीट), फैशन डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी (24 सीट) तथा इंटीरियर डिजाइन एंड डेकोरेशन (24 सीट) सहित एक एवं दो वर्षीय कुल 8 ट्रेड संचालित हैं।

संस्था प्रबंधन ने इच्छुक विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने का आग्रह किया है प्रवेश प्रक्रिया अथवा आवेदन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 9424454453 एवं 9826947798 पर संपर्क कर सकते हैं।

## औद्योगिक भूखण्ड आवंटन के लिए ईओआई आमंत्रित

**आलीराजपुर ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सेजावाडा, तहसील चन्द्रशेखर आजाद नगर स्थित प्लाट क्रमांक-33 के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उद्यमी 15 जून 2026 शाम 5 बजे तक विभागीय पोर्टल द्वश्चद्वह्यद्वद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक आवेदन के लिए 5 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। साथ ही आवेदित भूमि के प्रचलित प्रीमियम का 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान ऑनलाइन जमा करना होगा। भूखंडों का आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम-2025 के अनुसार किया जाएगा। विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट *mpmsme.gov.in* पर उपलब्ध है। उक ?त जानकारी महाप्रबंधक जिला व?यापार एवं उद्योग केन ?द्र द्वारा दि गई।

एक नजर में ▶ समिति के सदस्यों का कहना है कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी समय पर रिफिल नहीं मिल पा रहा

# अलीराजपुर में गैस किल्लत, नागरिक मोर्चा समिति ने कलेक्टर से नई एजेंसी खोलने की मांग की

**अलीराजपुर, अलीराजपुर नगर में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को हो रही भारी परेशानी का मामला सामने आया है। नागरिक मोर्चा समिति ने सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नगर में तत्काल नई गैस एजेंसी खोलने की मांग की है।**

समिति ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में पूरे अलीराजपुर नगर में केवल मनोरमा गैस एजेंसी संचालित है। इस एकल एजेंसी पर करीब 20 हजार गैस कनेक्शन का भार है। अत्यधिक कनेक्शन होने के कारण गैस सिलेंडर का वितरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद भी समय पर रिफिल नहीं मिल पा रहा, जिससे घरों में चूल्हे ठंडे पड़ रहे हैं।

नागरिक मोर्चा समिति ने अपने पत्र में नियमों का हवाला भी दिया। नियमानुसार, किसी भी क्षेत्र में 7000 से अधिक गैस कनेक्शन होने पर नई एजेंसी खोलने का प्रावधान है। अलीराजपुर में कनेक्शन की संख्या 20 हजार होने के बावजूद अब तक दूसरी एजेंसी नहीं खोली गई है, जो नियमों का उल्लंघन है।

समिति ने इस ज्ञापन की प्रतिलिपि केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी और रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर संसदीय क्षेत्र की सांसद अनिता नागरसिंह चौहान को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की है। समिति के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से शीघ्र समस्या का निराकरण कर उपभोक्ताओं को राहत देने की अपील की है।

समिति के सदस्यों का कहना है कि एक एजेंसी पर अत्यधिक दबाव के कारण वितरण व्यवस्था चरमरा गई है। कई बार उपभोक्ताओं को 15 से 20 दिन तक सिलेंडर के लिए इंतजार करना पड़ता है। त्योहारों और आपात स्थिति में हालात और बिगड़ जाते हैं। नई एजेंसी खुलने से न केवल वितरण सुधरेगा बल्कि प्रतिस्पर्धा के चलते सेवा की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।

फिलहाल जिला प्रशासन की ओर से इस ज्ञापन पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि प्रशासन इस जनहित के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम उठाएगा । इस अवसर पर नगरी के मोर्चा समिति के ओम सेठ, काकडीवाला, महेंद्र टवली, संजय मांझी, आदि पदाधिकारी एवं सम्मानिय सदस्य उपस्थित थे।